विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 17 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 125, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : पहले चरण का मतदान आज

### 58 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**रायपुर।** नगरीय निकाय के बाद अब ग्राम सरकार चुनने की तैयारी है. तीन चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को प्रदेश के 33 जिलों के 53 ब्लॉक के ग्राम पंचायतों के लिए 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. अगले ही दिन याने 18 फरवरी को परिणाम सामने आ जाएगा. यह भी पढ़ें : निकाय चुनाव : महापौर-अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को मिले रिकार्ड तोड़ वोट, 55 फीसदी से ज्यादा मतदाताओं ने जताया पार्टी प्रत्याशियों पर भरोसाः



राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 17 फरवरी को होने वाले पहले चरण के मतदान में प्रदेश के सबसे ज्यादा मतदाता बिलासपुर जिला के मस्तूरी ब्लॉक में 2 लाख 79 हजार 007 हैं. इसके बाद रायपुर के आरंग ब्लॉक की बारी है, जहां 2 लाख 23 हजार 644 मतदाता हैं. इसके बाद मुंगेली जिला के मुंगेली ब्लॉक के एक लाख 88 हजार 496 मतदाता और दुर्ग जिले के दुर्ग ब्लॉक में एक लाख 62 हजार 844 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.इस तरह से पहले चरण में कुल 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें से 28 लाख 70 हजार 859 पुरुष, 29 लाख 28 हजार 751 महिला और 50 तृतीय लिंग के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा. वहीं बस्तर संभाग में सुबह 6.45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा. त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता पंच-सरपंच के अलावा जनपद और जिला पंचायत के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी. तीन चरणों में होने वाले मतदान में जिला पंचायत के 433 पद, जनपद पंचायत के 2,973 पद और ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 पद, पंच के 1,60,180 पद के लिए जनता अपना मत देगी.

**बैलेट पेपर पर होंगे मतदान**

नगरीय निकाय के विपरित ग्राम सरकार के लिए मत पत्रों के लिए चुनाव होगा. इन मतपत्रों को लेकर आज शाम तक पोलिंग पार्टी निर्धारित मतदान केंद्रों पर शाम तक पहुंच जाएगी. जहां कल सुबह से मतदान होगा. इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. वहीं प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में विशेष सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा. साथ ही पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा.

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को वोट दें : सीएम साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव - 2025 के लिए मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेश के 53 विकासखंडों में कल वोट डाले जाएंगे। जिस तरह हम मोदी की गारंटी के सभी वादों को पूरा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह हम ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए जारी कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेंगे। इसलिए भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं। सीएम साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों के पक्के घर के सपने को साकार किया है। किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत देने का वादा पूरा किया है और धान की अंतर की राशि बारह हजार करोड़ रुपए भी जारी कर दी है। महतारी का सम्मान करते हुए हमने महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक बारह क़िस्त जारी कर दी है। भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत गाँवों में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य जोरों पर है। उन्होंने कहा कि हम किसानों, महिलाओं, गरीबों, आदिवासियों, जरूरतमंदों सभी वर्ग की सेवा कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें, उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। गौरतलब है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत कल प्रदेश के 53 विकासखंडों में मतदान संपन्न होना है। जिसके परिणाम 18 फरवरी को घोषित होंगे।



## मुख्यमंत्री साय ने श्रीमद्भागवत कथा में किया श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग का श्रवण, छत्तीसगढ़ की समृद्धि और खुशहाली की कामना की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के डुंडा स्थित अशोका पाम मिडोज कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा रानी से समस्त छत्तीसगढ़वासियों की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ का नमन करते हुए कथाव्यास पंडित श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री से आशीर्वाद लिया और श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग का श्रवण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथाव्यास पंडित श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री का माता कौशल्या की पावन भूमि छत्तीसगढ़ में हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अत्यंत सौभाग्य की बात है। यह न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि हमें धर्म, प्रेम और कर्तव्य के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। मैं आशा करता हूँ कि सभी श्रद्धालु इस कथा के दिव्य संदेश को आत्मसात करेंगे और इसे अपने जीवन में अपनाएंगे। भगवान श्रीकृष्ण हम सभी को शक्ति दें कि हम पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास काल का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बीता, और यहां उन्हें भांचा के रूप में सम्मान दिया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 20,000 से अधिक रामभक्तों को अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन का सौभाग्य प्रदान किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रयागराज महाकुंभ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 144 वर्षों बाद यह शुभ संयोग आया है, और छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में 'छत्तीसगढ़ पवेलियन' की विशेष व्यवस्था की है।

## ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करने से आगे की दिशा तय होगी - डॉ रमन सिंह

### मोदी गारंटी समय पर पूरा करने के कारण विष्णुदेव सरकार के सुशासन पर जनता ने मोहर लगाई - संतोष पांडे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत से उत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज सुबह जमातपारा स्थित मां शीतला के दर्शन कर राजनांदगांव के साथ प्रदेश के अमन चैन की प्रार्थना की। तत्पश्चात स्पीकर हाउस में सभी विजय 39 पार्षदों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पांच वर्षों तक जनता जनार्दन का आशीर्वाद के रूप में आप पार्षद बने है,सबसे कठिन चुनाव के पहले पड़ाव को आपने पार किया है, अब आगे मंत्री, विधायक सांसद की सीडी चढ़ सकते है। जीत के बाद



वार्ड की छोटी छोटी मूलभूत समस्याओं की तरफ विशेष ध्यान देकर जनता का दिल जीतना आप सभी का उद्देश्य होना चाहिए, घमंड गुरूर और अहंकार को जनता कभी पसन्द नहीं करती। डॉ रमन सिंह ने अपने पार्षद काल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे किसी भी जवाबदारी को छोटा नहीं समझते थे, नाली साफ करवाने से लेकर स्ट्रीट लाइट की समस्या का त्वरित निराकारन कर जनता का मान समान जरूर करे। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी की जनता बहुत ही संवेदनशील है, संस्कारधानी ने उन्हें सासंद से लेकर तीन बार मुख्यमंत्री भी बनाया और आज मैं राजनांदगांव की जनता के कारण ही विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जवाबदारी निभा रहा हूं । डॉ रमन सिंह ने कहा कि बड़ी संजीदगी के साथ जनता की सेवा करने वाले नेता ही बार-बार चुने जाते हैं। इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने भी नव निर्वाचित पार्षदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मोदी गारंटी को समय पर विष्णु देव साय सरकार ने पूरा किया, जिसके कारण आज जनता का भाजपा पर पूरा भरोसा है। इस भरोसे को कायम रखने के लिए अभी से अपने-अपने वार्ड में जनता की सेवा में जुट जाए। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि निगम में पारदर्शिता के साथ जनता की हित में सभी कार्य संपन्न किए जाएंगे और अटल संकल्प पत्र को भी समान के साथ पूरा किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, नगर निगम चुनाव के संयोजक अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन बघेल,रमेश पटेल, सौरभ कोठारी,नीलू शर्मा,शिव वर्मा,राजेंद्र गोलछा,भावेश बैद, योगेश दत्त मिश्रा,आकाश चोपड़ा,गिनी चावला, रघुवीर वादवा, सहित सभी प्रमुख नेता उपस्थित थे। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनेश गांधी एवं प्रदीप गांधी के ज्येष्ठ भ्राता के दुखद निधन पर संवेदना व्यक्त करने हेतु डॉ रमन सिंह डोंगरगांव के लिए रवाना हो गए।

## हुड़दंग मचाने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बताया जाता है कि कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत की खुशी में वार्ड क्रमांक 22 में विजयी जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया था. डीजे की धुन पर समर्थक धमाल मचा रहे थे इस दौरान कुछ अति उत्साहित आरोपियों के द्वारा भाजपा के शहर महामंत्री संतोष राव के घर पर देर शाम पत्थरबाजी करने की शिकायत सामने आने के बाद मोहल्ले में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसको लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा थाने पहुँचकर ऐसी घटनाओ के विरुद्ध जमकर आपत्ति दर्ज कराया गया था और देर रात तक भाजपा के कई स्थानीय नेता थाने में जमे रहे. सूचना मिलने के बाद कांग्रेस के भी कई नेता थाने पहुँचकर अपना अपना आपत्ति दर्ज कराया गया. पुलिस के द्वारा मामले की जांच करने पर हुड़दंग करने वाले आरोपी प्रकाश यादव, शेर अली, सोनूराम यादव, शिवा यादव के विरुद्ध बीएनएसएस 170, 125,126 के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से जमानत पर छोड़ दिया गया. घटना को लेकर दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी भाजपा व कांग्रेस के बीच भारी आक्रोश व गहमागहमी देखा गया. घटना होने के देर रात्रि तक भाजपा के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, वरिष्ठ नेता हरविंदर सिंग मंगे, नव निर्वाचित अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, अमित जैन, उमा महेश वर्मा, विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, परविंदर मोंटी, मुकुंद कंडरा,लोकेश इंदुरकर, अनिल पांडे, राकेश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता थाने में कार्यवाही को लेकर अड़े हुए थे तो कांग्रेस की ओर से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान देर रात्रि तक थाने में जमे रहे.



## भव्य निकलेगी महाकाल की शोभायात्रा 26 फरवरी को

### स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान देंगे शोभा यात्रा में

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में धूमधाम से संस्कारधानी राजनांदगांव में भव्य महाकाल जी की यात्रा होनी है। इस निमित्त एक बड़ी बैठक महेश्वरी भवन में संपन्न हुई जिसमें सभी संगठन और राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं से महाकाल सेना उपस्थित होकर विचार विमर्श किया शोभायात्रा को भव्य और आकर्षित बनाने हेतु सभी ने भिन्न प्रकार के अपने विचार व्यक्त किए जिसमें स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का भी विचार रखा गया। इस विचार को रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति और धार्मिक व्यवस्था के अनुरूप शोभायात्रा जब नगर से निकले तब इस यात्रा में प्लास्टिक आदि वस्तुओं का उपयोग कम से कम हो तथा यात्रा के उपरांत इन सब को सुव्यवस्थित रूप से कूड़ादन में डालने की व्यवस्था हो तो यह इस यात्रा की शोभा बढ़ा देगा। इस यात्रा में पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, धूमल, पगड़ी एवं रथ पालकी, अघोरी, भजन एवं गायक के माध्यम से पूर्ण किया जावेगा विष्णु साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा की शोभा यात्रा में बच्चों को वेशभूषा धारण करके सभी वार्ड व मोहल्लों से सम्मिलित होने का आग्रह किया । हेमा देशमुख ने इस शोभायात्रा में मातृ शक्तियों से भगवा वस्त्र धारण करके झांझ डमरू के साथ उपस्थित होने का आग्रह रखा साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव रखा है कि ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग ना हो। महाकाल सेना ने भक्तगणों से निवेदन किया है कि शोभायात्रा में पालकी के आजू-बाजू जो महाकाल भक्त होंगे वह बिना पद्वेष अर्थात जूता चप्पल के ही हों। साथ ही जो झांझ और डमरू पकड़ने की इच्छा रखते हो ऐसे बंधु जींस शर्ट धारण करके शोभायात्रा में ना आए अर्थात वे शुभ्रवेशकुर्ता पजामा में हो तो अच्छा होगा। नगर से निकलने वाली इस भव्य महाकाल पगड़ी शोभायात्रा में सभी प्रकार के संस्थानों द्वारा स्वागत होगा, जिसमें सत्यनारायण मंदिर समिति की ओर से ठंडाई की उत्तम व्यवस्था रखी गई है साथ ही ऐसी व्यवस्था करने वालों से महाकाल सेना ने आग्रह किया है कि नगर में जो भक्तगण खाद्य एवम् पानी की व्यवस्था करने वाले हैं वे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें जिससे यात्रा की शोभायात्रा निकलने के उपरांत भी नगर में बनी रहे। अंत में नीलू शर्मा ने महाकाल सेना एवं महाकाल की शोभा यात्रा में सहयोग हेतु नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है ।



## एक्टर, सिंगर, विधायक अनुज शर्मा को देखने सुनने उमड़ी भीड़

### भाजपा प्रत्याशी प्रशांत कोड़ापे को मिली क्षेत्र के मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव के ग्राम मुरमुन्दा में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 09 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्री प्रशांत कोड़ापे को भारी मतों से विजई बनाने विशाल जनसभा में धरसीवा विधायक सिंगर एवं एक्टर अनुज शर्मा ने देवतुल्य मतदाताओं से अपील किया। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमांक 9 राका से भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत शिक्षित, मिलनसार,दमदार युवा प्रत्याशी प्रशांत कोड़ापे हैं जिनका चुनाव चिन्ह उगता सूरज है. उनके समर्थन में धरसिवा विधायक सिंगर एवं एक्टर अनुज शर्मा ने विशाल जनसभा के माध्यम से बीजेपी प्रत्याशी प्रशांत कोड़ापे के समर्थन में देवतुल्य कार्यकर्ताओं से मतदाताओं से अपील किया। अनुज शर्मा को देखने और सुनने क्षेत्र के मतदाताओं की उमड़ पड़ी भीड़ अनुज शर्मा के भाषण और उसके गीत और मां बमलेश्वरी देवी के गीतों ने सभी मतदाताओं का मन मोह लिया और भाजपा प्रत्याशी प्रशांत कोड़ापे को जीत दिलाने का मतदाताओ ने आश्वत किया इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री भरत वर्मा जी सहित पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## भंडारपुर में देवरानी जेठानी वार्ड पंच के लिए चुनावी मैदान में उतरे

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।**



ग्राम पंचायत भंडारपुर में वार्ड नंबर 13 में तीनों देवरानी जेठानी चुनाव मैदान में उतरे हैं जेठानी मीना बाई सिन्हा, गंगेश्वरी सिन्हा, देवरानी मिनाक्षी सिन्हा ऐ तीनों एक ही परिवार के बाहु है दिलचस्प मुकाबला है।

nandgaon times feb-17-2.qxd 2/16/2025 10:24 PM Page 2



# प्रथम चरण में 17 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों में होगा मतदान









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में मतदान सुचारू संपन्न कराने के लिए आज ठाकुर प्यारे लाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव से मतदान सामग्री के साथ मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो गए। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में 17 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मतदान दलों को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मतदान दल बारी-बारी से मतदान सामग्री लेकर वाहन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13, जनपद पंचायत सदस्य के 95, सरपंच के 404 एवं पंच के 5590 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न होगा। प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव, द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) प्रथम चरण 17 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 20 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्रों पर मतगणना की जाएगी। खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना (यदि आवश्यकता हो) प्रथम चरण 18 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 21 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 24 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण 19 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 22 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण 20 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 23 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सुबह 10.30 बजे से सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 110 एवं पंचों की संख्या 1612 है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 100 एवं पंचों की संख्या 1400 है। जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 2, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 20, सरपंचों की संख्या 76 एवं पंचों की संख्या 1057 है। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 3, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 118 एवं पंचों की संख्या 1521 है। जिले के सभी 4 जनपद पंचायत क्षेत्रों में पंचायतों की संख्या 408 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 1082 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 लाख 32 हजार 81 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 66 हजार 754, महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 65 हजार 324 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 3 है। जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 114 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 312 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 58 हजार 42 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 79 हजार 243, महिला मतदाताओं की संख्या 78 हजार 797 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 2 है। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 100 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 263 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 31 हजार 971 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 66 हजार 754 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 65 हजार 217 है। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 76 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 209 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 98 हजार 679 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 49 हजार 330 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 49 हजार 349 है। जनपद पंचायत क्षेत्र छुरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 118 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 298 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 43 हजार 389 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 427, महिला मतदाताओं की संख्या 71 हजार 961 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 1 है।

## ग्राम तेंदुनाला में किया गया निः शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पशु चिकित्सालय तुमड़ीबोड के अंतर्गत आने वाले पशु औषधालय तेन्दुनाला के ग्राम तेन्दुनाला गौठान



में नि: शुक्ल पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पशुओं का बधियाकरण, डीवर्मिंग कर उपचार किया गया। साथ ही मिनरल मिक्चर और कृमिनाशक दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोचीराम ठाकुर,ग्राम के वरिष्ठ हेमलाल ठाकुर, धर्मेन्द्र साहू , ग्राम के पशुपालकगण फेरुराम, उभेराम वर्मा, रामचंद यादव, नाथूराम यादव एवं पशु विभाग के श्री के. के. चंद्रवंशी, मिनेश कुमार एवं कृषि सखी महेश्वरी ठाकुर ,पशु सखी चंद्रिका साहू उपस्थित रहे।

## वार्ड क्रमांक 18 पार्षद श्रीमती संगीता देवांगन ने घर-घर जाकर मतदाताओं का किया आभार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिका निगम वार्ड क्रमांक 18 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड ममता नगर से निर्दलीय प्रत्याशी



सिलाई मशीन छाप से श्रीमती संगीता देवांगन पार्षद पद पर निर्वाचित हुई। वार्ड क्रमांक 18 में पार्षद के लिए 5 प्रत्याशियों ने चुना लड़ा। जिसमें मतदाताओं ने निर्दली प्रत्याशी श्रीमती संगीता देवांगन को अपना मत देकर पार्षद चुना है आज पार्षद बनने के दूसरे दिन वार्ड क्रमांक 18 में पार्षद श्रीमती संगीता देवांगन ने वार्ड वासियों के घर-घर जाकर मतदाताओं का आभार प्रकट किया वार्डवासियों ने फूलमालाओं एवं रंग गुलाल से पार्षद श्रीमती संगीता देवांगन का स्वागत किया।

# जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है : किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 गैंदाटोला से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभा व डोर टू डोर जनसंपर्क कर फावड़ा बेलचा छाप पर मुहर लगाकर आशीर्वाद प्रदान करने की निवेदन कर रही है। जिसमें गांव गांव में आपार समर्थन किरण रविन्द्र वैष्णव को मिल रहा है। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है,और इसी संकल्प के साथ मैं जनसंपर्क और आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु आपके बीच आ रही हूँ। आप सभी से मिलकर क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और उन्नति के लिए सुझाव एवं सहयोग प्राप्त करना मेरी प्राथमिकता रहेगी आपका सहयोग और समर्थन ही मेरी शक्ति है! आप सभी से मैं निवेदन करती हूं अधिक से अधिक फावड़ा बेलचा छाप पर मुहर लगाकर मुझे आशीर्वाद प्रदान करे मैं निश्चित रूप से आप सभी के सहयोग से क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए सदैव आपके साथ मिलकर काम करूंगी।राज्य की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 3100 रुपये में धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार रुपए सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों के पक्का आवास के सपनों को साकार किया है। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ पांच साल में चलने का काम किया है। निश्चित रूप से मैं जिला पंचायत क्षेत्र की मतदातागण मुझे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं तो विकास की गति ट्रिपलइंजन की रफ्तार से मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से क्षेत्र के विकास करूंगी।

## डॉ. रमन पहुंचे शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान कर स्व. घनश्याम दास गांधी को दी श्रद्धांजली

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज संक्षिप्त प्रवास पर नगर पहुंचे। इस दौरान वे भाजपा



नेता दिनेश गांधी के निवास पहुंचे और उन्होनें स्व. घनश्याम दास गांधी के शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि नगर के प्रतिष्ठित नारायण दास गांधी के %येष्ठ पुत्र तथा भाजपा नेता दिनेश गांधी के %येष्ठ भ्राता घनश्याम दास गांधी का अस्व%छता के चलते बीते दिनों निधन हो गया था। राजनांदगांव से सीधे डोंगरगांव पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस दौरान स्व. घनश्याम गांधी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चात् शोक बैठक में उपस्थित लोगों से भेंट मुलाकात की। इस मौके पर नारायण दास गांधी, सत्यनारायण गांधी, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, रामकिशन माहेश्वरी, भावेश बैद, राजेन्द्र जैन बंटू, रधुवीर बाधवा, अनिल टावरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अनुज शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी रामनाथ वर्मा के समर्थन में मतदान करने किया अपील





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तुमड़ीबोड़ में जिला पंचायत सदस्य चुनाव क्षेत्र क्रमांक 07 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्री रामनाथ वर्मा के चुनाव प्रचार कार्यक्रम में धरसीवा विधायक,छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध स्टार हीरो अनुज शर्मा जी शामिल होकर जनता से उनके पक्ष में मतदान करने अपील किया।इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री भरत वर्मा जी सहित पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से भाजपा समर्पित राम नाथ वर्मा का प्रचार प्रसार जोर शोर से चल रहा है।इसी कड़ी मे 15 फरवरी को धरसीवा विधायक व छत्तीसगढ़ी फिल्म के जाने-माने स्टार कलाकार अनुज शर्मा का आगमन हुआ उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रामनाथ वर्मा के समर्थन में मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। धरसिया विधायक अनुज शर्मा ने अरुग कलसा दाई,अरुग बाती ओ, अरुग दियना जलाओ ये दाई ओ गीत गाकर और मां बम्लेश्वरी की जय कारा लगाते हुए जय श्री राम के नारा लगाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद की रेस में कोमल या रोहित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद की रेस में सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा के कोमल साहू और रोहित गुप्ता की इस पद के लिए चर्चा नगर में जोरो से चल रही है जहां भाजपा के 11 पार्षद पूर्ण बहुमत में हैं, वहीं कांग्रेस के 3 और 1 निर्दलीय पार्षद समीकरण को बदलने या बनाने की स्थिति में हैं। लेकिन भाजपा इस चुनावी खेल में कौन से पार्षद को उपाध्यक्ष पद के लिए किसे बनाएगी ये चर्चा सबसे ज्यादा कोमल और रोहित के बारे मे बाजार में गर्म हैं। अगर ये सही है, तो यह चुनाव विकास से ज्यादा धनबल और जोड़तोड़ का खेल बन चुका है। अब आगे इस चुनावी समीकरण में क्या होगी ये तो आने वाले समय ही बताएगा कि किसके सिर में ताज उपाध्यक्ष पद के लिए होगा नगर पंचायत चुनाव जनता द्वारा अपने प्रतिनिधियों को चुनने का एक जरिया होता है, ताकि वे विकास कार्यों में योगदान दे भाजपा के 11 पार्षद हैं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का उम्मीदवार बैठने की संभावना अधिक है। लेकिन अगर गुटबाजी होती है, और कुछ पार्षद क्रॉस-वोटिंग करते हैं, तो निर्दलीय और कांग्रेस पार्षदों की भूमिका अहम हो जाएगी।


सप्ताह के सितारे (17 फरवरी 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4 - 7 - 9 | 24-42-49-94-29-92 |
| मंगल | 1- 2 - 7 - 0 | 12-21-17-71-10-01 |
| बुध | 1 - 3 - 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| गुरू | 2- 7 - 8 - 0 | 27-72-20-02-80-08 |
| शुक्र | 3 - 4 - 7 - 8 | 14-41-47-74-40-04 |
| शनि | 3 - 7 - 9- 0 | 79-97-70-07-37-73 |

अंकों का बादशाह -0 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 6 - 8

सप्ताह का वरदान -1 स्पेशल - 34- 57 -69 -68

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 15 - 16 - 18 (6) 63 - 65 - 66- 68
(2) 23 - 25 - 26 - 28 (7) 73 - 75 - 76 - 78
(3) 33 - 35 - 36 - 38 (8) 83 - 85 - 86 - 88
(4) 43 - 45 - 46 - 48 (9) 93 - 95 - 96 - 98
(5) 53 - 55 - 56 - 58 (10) 03 - 05 - 06 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 95-28-11-29-28-18 | 58-32-53-68-27 |
| 47-83-45-80-33-18 | 23-11-16-98-34 |
| 96-25-78-59-30-94 | 47-17-15-19-57 |
| 08-55-04-14-55-51 | 55-79-15-43-08 |
| 71-27-21-23-95-29 | 51-93-15-27-64 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक


## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10,बोरतालाव के कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रामछत्री चंद्रवंशी का प्रचार प्रसार जोरों पर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतालाव के सदस्य पद हेतु मिलनसार, अनुभवी व गांव की बेटी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रामछत्री चंद्रवंशी है जिनका चुनाव चिन्ह उगता सुरज छाप पर मोहर लगाने कांग्रेस समर्थकों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलकर दूसरी



बार जिला पंचायत सदस्य बनाने की अपील की है । कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रामछत्री चंद्रवंशी ने धुआंधार जनसंपर्क कर मतदाताओं से समर्थन माँगा। जनसंपर्क के तहत आज ग्राम घोरतालाब पंचायत आश्रित ग्राम बाघनदी, चाबुकनाला, तेलिनबांधा, रानीपुर, खड़खड़ी ,सड़क चिरचारी, रानी तालाव,लालू टोला,पिनकापार, नवागांव, मासुल, जोब, पाटेकोहरा, रंगीटोला, नागरकोहरा, महाराजपुर रामपुर आदि ग्रामों में सघन जनसम्पर्क कर समर्थन माँगा।

## ज्ञान मंथन

*1) 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी कौन सा देश करेगा?*

*2) किसने स्वरेल सुपर ऐप का शुभारंभ किया?*

*3) सांभर महोत्सव का आयोजन कहाँ किया जाता?*

*4) तीसरी बार आईसीसी महिला चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?*

*5) हाल ही में टाटा स्टील मास्टर्स 2025 का खिताब किसने जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) चीन (2) भारतीय रेलवे (3) राजस्थान (4) ऑस्ट्रेलिया (5) आर. प्रज्ञाननंदा

# महिला स्वरोजगार पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केन्द्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पी.एम. उषा) के तहत शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. बी.एन.मेश्राम के संरक्षण एवं पी.एम. उषा नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. धमगाये के निर्देशन में महिला स्वरोजगार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में 15 फरवरी को मुख्य वक्ता के रूप में लाइवलीहुड कॉलेज राजनांदगांव से सहायक परियोजना अधिकारी देवेंद्र कुमार के द्वारा व्याख्यान दिया गया । दीप प्रज्वलन एवं राज गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । सर्वप्रथम कार्यशाला की संयोजक सहायक प्राध्यापक प्रियांकी गजभिए द्वारा 5 दिनों की समीक्षा प्रस्तुतकर बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर इसके विभिन्न आयामों से परिचित कराना था इस हेतु प्रतिदिन स्वरोजगार से संबंधित अतिथियों का व्याख्यान रखा गया जिसमें पद्मश्री फुलबासन यादव द्वारा महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार , एनआरएलएम से सचिन वर्मा द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर, ,ब्यूटीशियन रोशनी खान द्वारा ब्यूटी पार्लर उद्यम के अंतर्गत स्किन केयर- हेयर केयर ,नेल आर्ट ,टैटू आर्ट ,मेहंदी आर्ट ,दुल्हन -पार्टी मेकअप से जुड़ी अपार संभावनाओं पर जानकारी प्रदान की । मुख्य वक्ता द्वारा कौशल विकास एवं स्वरोजगार विषय पर व्याख्यान दिया गया उनके द्वारा कौशल के दो प्रकार अपस्किल एवं क्रॉसस्किल की जानकारी दी गई तथा स्वयं के सपनों पर कार्य करना



ही स्वरोजगार है बताया इस हेतु लाइवलीहुड कॉलेज 2012 में सर्वप्रथम दंतेवाड़ा में स्थापित किया गया जो कि आज प्रत्येक जिले में स्थित है यह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित किया जाता है । लाइवलीहुड कॉलेज में 90 घंटे से 1200 घंटे के कौशल विकास हेतु 600 से अधिक विभिन्न अल्प अवधि कोर्सेज संचालित किए जाते हैं। प्रत्येक प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होता है जिसके समाप्ति पर परीक्षा आयोजित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है । यह प्रमाण पत्र ऋण आवेदन के दौरान अनुभव प्रमाणपत्र माना जाता है। मुख्य वक्ता द्वारा छत्तीसगढ़ को स्किल एक्ट लागू करने वाला पहला राज्य बताया इस अधिनियम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण की मांग पर 90 दिवस के अंदर सरकार प्रशिक्षण देने हेतु बाध्य है । अनेक निजी संस्थान भी कौशल विकास कार्यालय में पंजीकृत है जिसके अंतर्गत वीटीपी के माध्यम से पूर्णत: आवासीय एवं नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। पीएम उषा के नोडल डॉ.धमगाए , सहायक प्राध्यापक रेणुका ठाकुर तथा व्याख्याता रामचंद्र भार्गव द्वारा छात्राओं को अनेक आधुनिक स्वरोजगार के क्षेत्रों से परिचित कराया जिसमें साड़ी ड्रेपिंग के क्षेत्र में डॉली जैन जैसी महिला उद्यमी, कामकाजी पालकों के बच्चों हेतु बेबी सिटिंग एवं डे केयर होम ,टिफिन सेंटर ,युट्यूबर ,ऑनलाइन कोचिंग मैं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। पांच दिवसीय कार्यशाला के दौरान व्याख्याता शिल्पा वासनिक द्वारा छात्राओं को फैब्रिक पेंटिंग का अभ्यास कराया गया प्रतिदिन कौशल विकास से संबंधित बेकिंग, कुकिंग ,बाटिक प्रिंटिंग ,फैब्रिक प्रिंटिंग से संबंधित शॉर्ट वीडियो छात्राओं के समक्ष प्रदर्शित किए गए । कार्यशाला के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम तीन छात्राओं का चयन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योति (एमए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय अंकिता चेलक (बीकॉम प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान जूही सोनी (बीए द्वितीय वर्ष) को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम संयोजक प्रियांकी गजभिए द्वारा महिला उद्यम से संबंधित समस्याओं एवं समाधान पर अपने विचार रखें एवं कोशिश करने वालों की हार नहीं होती कविता से छात्राओं को आत्मनिर्भरता हेतु सदैव प्रयासरत रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया गया ।कार्यशाला के दौरान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य बी.महोबिया ,सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र चंचल स्टेला कुजूर ,अतिथि खेल अधिकारी रोशन पटेल, व्याख्याता प्रशांत देवांगन की उपस्थिति रही ।एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र यादराम द्वारा तकनीकी सहयोग तथा मंच संचालन अतिथि व्याख्याता गृह विज्ञान डॉ नम्रता देवांगन द्वारा किया गया। कार्यशाला संयोजक प्रियंका गजभिए द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यशाला सत्र समापन की घोषणा की गई।

## जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न

**कलेक्टर ने सभी को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने कहा कि मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों का भी सहयोग मिला। पुलिस बल के जवानों तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ नगरीय निकाय निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्पूर्ण दायित्व निभाया।



## देवलाल साहु को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है ब्लैक बोर्ड छाप को लेकर जन-जन के बीच जा रहे हैं भाजपा से अधिकृत है देवलाल साहु

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के डोगरगांव जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से पैरी निवासी देवलाल साहु क्षेत्र क्रमांक 14जनपद के प्रत्याशी हैं और वह अपना ब्लैक बोर्ड छाप को लेकर क्षेत्र के सालिक झिटिया मेढा सिंगारपुर अर्जुनी पैरी में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं युवा चेहरा होने की वजह से क्षेत्र में जनता का उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में विकास को लेकर रहेगी खास तौर पर सीसी रोड नाली निर्माण को प्राथमिकता देने की बात उन्होंने कही देवलाल साहु ने बताया कि उन्हें मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है और जनता ने चाहा तो वह इस क्षेत्र से जरूर प्रतिनिधित्व करेंगे गौरतलब है कि देवलाल साहु ऊर्जावान मिलनसार युवा चेहरा है ग्रामीणों में उनकी अच्छी पकड़ है और वह क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं देवलाल साहू को भारतीय जनता पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है और क्षेत्र के बड़े नेता भी उनके चुनाव प्रचार में जुट गए हैं वर्तमान में उसकी स्थिति काफी मजबूत बताई जा रही है।



# कुंभ में डुबकी लगाने से कांग्रेस के पाप धुल जायेंगे : मूणत

**रायपुर ।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस को महाकुंभ में डुबकी लगाने की जरुरत है। उनके सारे पाप धुल जाएंगे। केंद्र से मिले पैसों को कांग्रेस ने बंदरबांट किया इसलिए जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर विधायक राजेश मूणत ने पलटवार किया है। मूणत ने कहा कि, कांग्रेस का विश्वास टूटा है, तीन चुनाव में कांग्रेस को हार मिली है। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय के विश्वास ने जो कहा वह करके दिखाया है। बीजेपी ने जनता से किया कमिटमेंट को पूरा किया है। शहरी सेक्टर की जनता से किया गया हर वादा पूरा किया जाएगा। आगे मूणत ने कहा कि, जनता ने जिस तरह अपना स्नेह दिखाया, उनका विकास निश्चित होगा। हमारे सारे पार्षद और महापौर जनता की हर एक अपेक्षा पूरी करेंगे। बीजेपी की जीत पर बनाए गए समीकरण पर राजेश मूणत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य को लूटने का काम किया। कई बड़े-बड़े स्कैंडल निकाल कर आए। उन स्कैंडल के कई चेहरे बल पर है कई जेल में है। पैसे का दुरुपयोग और बंदर बांट कांग्रेस ने किया। केंद्र सरकार से भरपूर पैसा मिलने के बावजूद इस शहर का विकास नहीं किया। कांग्रेस सरकार में रहे महापौर ने स्मार्ट सिटी के पैसों का बंदरबांट किया। इसलिए जनता ने इस चुनाव में उसका जवाब दिया है। कांग्रेस के लिए यह हर चिंतन का विषय है। वहीं जीत के बाद प्रदेश में काम की रूपरेखा पर मूणत ने कहा कि,जनता से जो वादे किए गए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। नई योजनाएं बनाकर रायपुर को राजधानी के रूप में खड़ा किया जाएगा। राजेश मूणत ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, कांग्रेस के सभी नेताओं को एक होने की जरूरत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष और रायपुर मेयर तक की तस्वीर नहीं लगाई गई थी। कांग्रेस पार्टी पर पैसे लेकर टिकट बेचने के भी आरोप लगे। कांग्रेस को आत्म चिंतन करने की जरूरत है।



## निकाय चुनाव 2025: निर्वाचन आयोग ने चुनाव परिणाम के बाद हटाई आदर्श आचार संहिता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरपालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पदों के चुनाव और उप चुनाव 2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था. कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई थी. प्रदेश के 173 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ. आज 15 फरवरी को मतगणना पूर्ण होने के बाद, राज्य निर्वाचन आयोग ने केवल नगरपालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता को प्रभावशून्य घोषित कर दिया है।




# अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता 18 से

### हॉकी इंडिया,स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफइंडिया व छत्तीसगढ हॉकी का संयुक्त आयोजन, कुल 9,60,000/- रूपये की पुरूष्कार राशि बांटी जायेगी

### हॉकी मैदान सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सब जूनियर दिनांक 21 से 26 फरवरी तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाऐगीं प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में 8 जिलो की टीमे व सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजको द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है,चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फ़रवरी को शाम 4 बजे से अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दि है ।गतवर्ष वेस्ट जोन हॉकी की बालक बालिकाओं की सब जूनियर व जूनियर स्पर्धा का आयोजन खेल प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न होने के चलते इस बार हॉकी इंडिया व स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया ने इस



बहुप्रतिष्ठित हॉकी स्पर्धा की जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंपी है जिसे लेकर हॉकी राजनांदगांव व हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है।

**जूनियर बालिका में आठ व सबजूनियर बालिका में 9 जिलो की टीमें लेंगीं हिस्सा**

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है आयोजन में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगीं।

**दोनो प्रतियोगिता में पुरूष्कार की राशि की घोषणा:-**

जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2,00,000/- दुसरा पुरूष्कार 1,60,000/- तथा तीसरा पुरूष्कार 1,20,000/- से पुरूष्कृत किया जाएगा वही सब जूनियर बालिका वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2,00,000/- दुसरा पुरूष्कार 1,60,000/- तथा तीसरा पुरूष्कार 1,20,000/- से पुरूष्कृत किया जाएगा।

**स्टेडियम परिसर को सजाया संवारा जा रहा हैं**

गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को आयोजन समिति के द्वारा सजाया संवारा जा रहा है जहां मैदान के चारो ओर ब्राउडिंग बोर्ड का सहारा लिया जा रहा है वंही मैदान के बाहरी हिस्से में रंग बिरंगी रौशनीयां भी अपनी छटा बिखेर रही है।

## धर्म समाचार....

# होलाष्टक में भूलकर भी न करें ये काम, वरना जीवन में मिलेंगे बुरे परिणाम




सनातन धर्म में होली के पर्व का विशेष महत्व है। इस पर्व से आठ दिन पहले से होलाष्टक की शुरुआत होती है। इस अवधि के दौरान शुभ और मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं। मान्यता है कि वर्जित कामों को करने से साधक को शुभ परिणाम नहीं मिलते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कब से शुरु है होलाष्टक?

हर साल फाल्गुन माह में होली के पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पंचांग के अनुसार, होली (।।शद्मद्ब 2025) से आठ दिन पहले से होलाष्टक की शुरुआत होती है। इस दौरान शुभ और मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के समय वर्जित कामों को करने से साधक को जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और मांगलिक कामों का शुभ फल प्राप्त नहीं होता है। ऐसे में आइए हम आपको विस्तार से बताएंगे कि होलाष्टक में किन कामों नहीं करना चाहिए?

**कब से है होलाष्टक**

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार होलाष्टक की शुरुआत 07 मार्च से हो रही है। वहीं, इसका समापन होलिका दहन के दिन यानी 13 मार्च 2025 को होगा। इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को देशभर में होली का पर्व मनाया जाएगा।

**होलाष्टक में क्या न करें**

होलाष्टक के दौरान विवाह, नामकरण, गृह-प्रवेश, मुंडन समेत आदि शुभ और मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं। इन वर्जित कामों को करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति नहीं होती है। होलाष्टक के दौरान हवन भी नहीं करना चाहिए। साथ ही किसी नए काम की शुरुआत भी नहीं करनी चाहिए। मान्यता है कि होलाष्टक में व्यापार शुरु करने से उसमें सफलता प्राप्त नहीं होती है। इसके अलावा नया मकान और गाड़ी की खरीदारी करने से बचना चाहिए। साथ ही घर भी नहीं बनवाना चाहिए।

**होलाष्टक में क्या करें?**


आपकी जानकारी के लिए बता दें कि होलाष्टक के दौरान दान करना शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि होलाष्टक में अन्न और धन समेत आदि चीजों का दान करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। इसके अलावा पूजा के दौरान सच्चे मन से हनुमान चालीसा और महामृत्युंजय मंत्र का जप करना फलदायी साबित होता है। मान्यता है कि इन कामों को करने से जीवन में आ रहे दुख और संकट दूर होते हैं। साथ ही हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है।

होलिका दहन 2025 डेट और शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, होलिका दहन 13 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक है।

## द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थ पर गणेश जी को लगाएं इन चीजों का भोग, मिलेगा मनचाहा करियर

पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत किया जाता है। इस बार 16 फरवरी को द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। इस खास तिथि पर भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही अन्न और धन का दान करना चाहिए। सनातन धर्म में शुभ और मांगलिक काम में सबसे पहले भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। इससे सभी काम सफल होते हैं। चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की उपासना करने का विधान है। हर माह के कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का व्रत किया जाता है। फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के रूप में मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करने से मनचाहा करियर मिलता है। साथ ही गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है।




**भगवान गणेश जी के भोग** - द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह स्नान करने के बाद गणेश जी की पूजा-अर्चना करें। भोग थाली में प्रभु की प्रिय चीजों को शामिल करें। इस दिन गणपति बप्पा को मोदक का भोग लगाएं। मोदक गणेश जी को बेहद प्रिय है। मान्यता है कि पूजा थाली में मोदक को शामिल करने से प्रभु प्रसन्न होते हैं और सभी मुरादें जल्द पूरी होती हैं। द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी को लड्डू का भोग लगाएं। मान्यता है कि लड्डू का भोग लगाने से साधक को गणेश जी की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही परिवार में हमेशा शांति बनी रहती है। इसके अलावा गणपति बप्पा के भोग में नारियल, फल, दूध, दही और फल को शामिल किया जा सकता है।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com